संत पीपा छात्रावास

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

एम.बी.एस. मार्ग, कबीर सर्किल के पास कोटा- 324005, (राजस्थान)

पत्र क्रमांक: एफ. ( )/सं.पी.छा./को.वि.को./2021/.................... दिनांक :- 09 नवम्बर, 2021

नोटिस

संत पीपा छात्रावास में यू.जी. एवं पी.जी. कक्षाओं के प्रथम वर्ष के छात्रों की ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओं के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि संत पीपा छात्रावास में सत्र 2021-22 के लिए ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 09 नवम्बर, 2021 से प्रारंभ की जा रही है। छात्रावास में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी छात्रावास के कार्यालय से दिनांक 09 नवम्बर, 2021 से 20 नवम्बर, 2021 तक विश्वविद्यालय कार्य दिवसों में प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे के मध्य आवेदन पत्र प्राप्त कर अपना पूर्ण भरा हुआ एवं विभाग से सत्यापित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, बैंक चालान (राशि 500 रुपए मात्र) तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा करवा सकते हैं। आवेदन पत्र की अंतिम तिथि दिनांक 20 नवम्बर, 2021 सांय 04:00 बजे के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। विद्यार्थी छात्रावास प्रवेश निर्देशिका 2020-21 एवं आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी कोटा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in, छात्रावास कार्मिक **अंकित सागर (M.No. 9521420474)** तथा **तरुण वर्मा (M.No. 8290945963)** से प्राप्त कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण नोट:- कोटा के अतिरिक्त अन्य शहरों अथवा राज्यों के विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से आवेदन प्रपत्र एवं शपथ प्रपत्र को प्रिंट करके पूर्ण रूप से भरकर तथा आवेदन शुल्क 500 रूपये का मांग ड्राफ्ट रजिस्ट्रार, कोटा विश्वविद्यालय कोटा के पक्ष में बनवाकर डाक के माध्यम से **अधीक्षक कार्यालय, संत पीपा छात्रावास, विश्वविद्यालय परिसर, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा- 324005 (राजस्थान)** के पत्ते पर 20 नवम्बर, 2021 सांय 04:00 बजे तक भिजवा सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात डाक द्वारा प्राप्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(डॉ. सौरभ दलेला)
मुख्य अधीक्षक, छात्रावास

पत्र क्रमांक: एफ. ( )/सं.पी.छा./को.वि.को./2021/.................... दिनांक :- 09 नवम्बर, 2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु :-

1. अधिष्ठाता स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम/ छात्र कल्याण एवं शोध निदेशक, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष पाठ्यक्रम समन्वयक पुस्तकालय अध्यक्ष कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
3. वित्त नियंत्रक, को.वि.को., कोटा।
4. निजी सचिव, माननीय कुलपति, को.वि.को., कोटा को माननीय कुलपति महोदया के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित है।
5. निजी सहायक - कुलसचिव को.वि.को., कोटा।
6. रक्षित पत्रावली।

(के.आर. चौधरी)
अधीक्षक, छात्रावास